कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-07.09.2024

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मोबाइल चोर फैयाज गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 अदद मोबाइल फोन बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के धोखाधड़ी/चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0396/2024 धारा 305(A), 317(2) BNS थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित शातिर अभियुक्त फैयाज पुत्र वकील खान निवासी ग्राम बड़ियारपुर थाना खुदामनपुर जनपद बेगूसराय (बिहार) हाल पता लालमन मौर्या का किराये का मकान बेनीपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक-07.09.2024 समय करीब 11.45 बजे हृदयपुर पुलिया थाना सारनाथ जनपद वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त कब्जे से चोरी के 02 अदद मोबाइल फोन बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त फैयाज उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि यह मोबाइलें मैने शाही बंगाल रेस्टोरेन्ट से दिनांक 05/06.09.2024 की रात्रि मे चोरी किया था जिन्हे मैं पैसों की लालच में बेचने जा रहा था कि आप लोगों ने पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

फैयाज पुत्र वकील खान निवासी ग्राम बडियारपुर थाना खुदामनपुर जनपद बेगूसराय (बिहार) हालपता लालमन मौर्या का किराये का मकान बेनीपुर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी उम्र करीब 19 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- हृदयपुर पुलिया थाना सारनाथ जनपद वाराणसी से दिनांक 07.09.2024 को समय करीब 11.45 बजे।

बरामदगी का विवरण-

(1) एक अदद मोबाइल फोन OnePlus कम्पनी

(2) एक अदद मोबाइल फोन Infinix कम्पनी

आपराधिक इतिहास-

मु0अ0सं0- 0396/2024 धारा 305(A), 317(2) BNS थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 दुर्गेश सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 देवेन्द्र प्रताप सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।